<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**29 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकालने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा– घुसपैठिए को देश के बाहर निकालना सरकार का संकल्प है।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का किया शुभारंभ। कहा– किसानों की आजीविका को बेहतर बनाना और देशवासियों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराना है सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की। कहा– प्रशिक्षण व्यवस्था में सुनिश्चित की जाए गुणवत्ता, एकरूपता और पारदर्शिता।
- तेज आंधी और गरज चमक के साथ हुई बारिश से लोगों को मिली भीषण गर्मी से राहत। मौसम विभाग ने प्रदेश में इकतीस मई तक आंधी–बारिश और तेज हवाओं को लेकर जारी की चेतावनी।

**********

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से प्रत्येक घुसपैठिए की पहचान कर निर्वासित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई है। गुजरात के गांधीनगर के एक कार्यक्रम में उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय के बारे में चर्चा की।

**घुसपैठिए को देश के बाहर निकालना ये हमारी सरकार का संकल्प है और इसके लिए नरेन्द्र मोदी जी ने एक डेमोग्राफी चेंज कमेटी बनाने का निर्णय किया है। ये हाई पावर कमेटी देशभर में जनसांख्यिकी का जो कृत्रिम बदलाव हुआ है उसके कारणों और उपायों की चिंता करेंगी और इसके लिए कोई कानून बनाने की जरूरत है, तो इसकी भी चिंता करेगी।**

**********

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत के मेहनती किसानों के अथक प्रयासों के कारण देश में पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद है। श्री चौहान ने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा सुनिष्चित करना, किसानों की आजीविका को बेहतर बनाना और देशवासियों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**देश के किसानों के परिश्रम से, भारत सरकार की योजना प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में और नीतियों के कारण, हमारे वैज्ञानिकों ने जो नई–नई किस्में बीजों की बनाई उनके कारण और राज्यों ने भी अपने–अपने राज्यों में मेहनत की। इस बार सारे रिकॉर्ड उत्पादन के हमने तोड़े हैं इस वर्ष में। इस साल कुल मिलाकर जो खाद्यान्न उत्पादन के आंकड़े आ रहे हैं 3,765.63 टन अनुमानित है। जो पिछले साल से 188 लाख टन अधिक है।**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी जारी की। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे।

**2016 से ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के माध्यम से हर आवासहीन को पक्का मकान उपलब्ध कराने का अभियान चल रहा है। अब तक इस योजना के अंतर्गत केवल ग्रामीण क्षेत्र में हमने 3 करोड़ 91 लाख घरों को मंजूरी दी और उनमें से 3 करोड़ 5 लाख से ज्यादा पूरे हो गए हैं। शहरी आवास योजना के मकान अलग हैं, उनको मिलाकर तो चार करोड़ बहुत पहले पूरे हो चुके हैं। राज्यों को मैंने अपील की है कि समय पर लक्ष्य पूरा करें और जिनके पास जमीन नहीं है, उनको जमीन उपलब्ध कराने का काम करें।**

**********

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कल नई दिल्ली स्थित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में बोर्ड की कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं के मूल्यांकन और परिणाम के बाद की प्रक्रियाओं से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को छात्रों की समस्याओं का समय पर पारदर्शी और छात्र–हितैषी तरीके से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि सीबीएसई द्वारा शुरू की गई नई ऑन–स्क्रीन मार्किंग– ओएसएम प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक प्रगतिशील साधन है।

**बच्चों को ट्रांसपेरेंटली अपने मार्क्स के बारे में जानकारी मिले। उनको ट्रांसपेरेंटली स्कैन कॉपी के माध्यम से उनकी आंसर शीट उनके हाथ में आए। ये ओएसएम की व्यवस्था है। पहली बार देश में सीबीएसई ने इसको प्रयोग किया। इसमें कुछ विसंगति ध्यान में आ रही है। इसको मैं दायित्व लेता हूं। उसको ठीक करा जाए। हम एक भी विद्यार्थी की अन अन्सार्ड क्वेरी को असमाधित नहीं छोड़ेंगे।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था और उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

पुलिस प्रशिक्षण व्यवस्था की कल उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसिंग केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। आधुनिक तकनीक, संवेदनशील व्यवहार, संवाद कौशल, साइबर अपराधों की समझ और फॉरेंसिक दक्षता प्रभावी पुलिसिंग की बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण व्यवस्था में गुणवत्ता, एकरूपता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस कर्मियों की कार्य क्षमता और मनोबल को मजबूत करने के लिये बेहतर आवासीय एवं कार्य सुविधाएं आवश्यक है। उन्होंने पुलिस लाइन, थाना बैरक और अग्निशमन केन्द्र के कार्य गुणवत्ता के साथ से पूरा करने के निर्देश दिये।

**********

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनका सादगीपूर्ण जीवन, किसानों के प्रति समर्पण और जनकल्याण की राजनीति सभी को सदैव प्रेरणा देती रहेगी।

**********

अयोध्या में आज श्रीराम मंदिर परिसर के परकोटे में बने मां भगवती मंदिर के शिखर पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति और प्रमुख संत साध्वी ऋतंभरा ध्वज फहराएंगी। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एक रिपोर्ट–

**पहली बार राम मंदिर परिसर में 3000 से अधिक मातृ शक्तियों का एक साथ समागम होने जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं समारोह में शामिल होंगी। सभी आमंत्रित मेहमानों को क्यूआर कोड युक्त प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं और स्कैनिंग के बाद ही मंदिर परिसर में प्रवेश मिलेगा। शाम 6 बजे मां भगवती मंदिर के शिखर पर साध्वी ऋतंभरा और साध्वी निरंजन ज्योति ध्वजारोहण करेंगी। कार्यक्रम को लेकर रामनगरी में उत्साह का माहौल है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

**********

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा– सीयूईटी– यूजी दो हजार छब्बीस की परीक्षा की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब इकतीस मई, छः तथा सात जून को आयोजित की जाएंगी। एनटीए ने बताया कि रविवार को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं और इन्हें एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट सीयूईटी डॉट एनटीए डॉट एनआईसी डॉट इन से डाउनलोड किया जा सकता है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में बीती रात तेज आंधी और गरज–चमक के साथ शुरू हुई बारिश से लोगों को फिलहाल भीषण गर्मी से राहत मिली है। कुछ जिलों से ओले पड़ने के भी समाचार मिले हैं। गोरखपुर और इसके आसपास के पूर्वी जिलों में कहीं कहीं रुक रुक कर बारिश हो रही है तो कुछ स्थानों पर आसमान में बादल छाए हुए हैं। बदायूं और बिजनौर सहित कुछ अन्य जिलों में बारिश के साथ साथ ओले पड़ने की सूचना है। फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, हमीरपुर, अम्बेडकरनगर और कौशाम्बी सहित कई अन्य जिलों में भी तेज हवाओं और गरज चमक के साथ हुई बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है।

इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में कई स्थानों पर इकतीस मई तक आंधी–बारिश और तेज हवाओं को लेकर चेतावनी जारी की है। इससे तापमान में आठ से दस डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने का अनुमान है। विभाग के अनुसार एक जून से मौसम के शुष्क होने के संकेत है। मौसम विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों को खुले स्थानों पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह भी दी है।

**********